Hindi - हिन्दी

निवासियों के अनुभव का सर्वेक्षण - भाग लेने वालों के लिए गोपनीयता संबंधी सूचना

आपकी व्यक्तिगत जानकारी कौन एकत्रित कर रहा है

आपकी व्यक्तिगत जानकारी 'एक्सेस केयर नेटवर्क ऑस्ट्रेलिया' (Access Care Network Australia) (ACNA) द्वारा एकत्र की जा रही है। स्वास्थ्य एवं वृद्ध देखभाल विभाग ने Residents' Experience Survey (RES) [निवासियों के अनुभव के सर्वेक्षण] का संचालन करने के लिए ACNA के साथ समझौता किया है।

विभाग की ओर से ACNA आपकी व्यक्तिगत जानकारी क्यों एकत्रित करता है

ACNA निवासियों के अनुभव सर्वेक्षण के संचालन के लिए व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करता है। इसके बाद सर्वेक्षण के परिणामों का उपयोग आवासीय वृद्ध देखभाल परिसर की स्टार रेटिंग का आकलन करने के लिए किया जाता है। विभाग को उपलब्ध कराने से पहले ACNA समस्त व्यक्तिगत जानकारी को पहचान-मुक्त कर देता है।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है, जैसे कि भविष्य में नीतिगत निर्णय लेने के लिए शोध और विश्लेषण करना।

यदि विभाग की ओर से ACNA आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित नहीं करता है तो क्या होगा

यदि आप अपनी व्यक्तिगत जानकारी नहीं देते हैं या देने में असमर्थ हैं तो आप निवासी अनुभव सर्वेक्षण में भाग नहीं ले पाएंगे।

विभाग की ओर से ACNA आपकी व्यक्तिगत जानकारी का ख़ुलासा किसे करेगा

ACNA आपकी व्यक्तिगत जानकारी का ख़ुलासा अन्य संगठनों के साथ कर सकता है, जिनके साथ भी निवासी अनुभव सर्वेक्षण प्रदान करने के लिए समझौता किया गया है।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी की प्राप्ति और उसमें सुधार

ACNA की गोपनीयता नीति में इस बारे में जानकारी है कि आप ACNA द्वारा रखी गई अपनी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे प्राप्त कर सकते हैं और कैसे उसमें सुधार किए जाने की मांग कर सकते हैं। ACNA की गोपनीयता नीति देखें।

गोपनीयता संबंधी शिकायतें

विभाग की गोपनीयता नीति में इस बारे में जानकारी शामिल है कि आप ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता सिद्धांतों या ऑस्ट्रेलियाई सरकारी एजेंसियों की गोपनीयता संहिता के उल्लंघन के बारे में कैसे शिकायत कर सकते हैं और विभाग शिकायतों से कैसे निपटेगा।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी का विदेश में ख़ुलासा

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी किसी भी विदेशी प्राप्तकर्ता को नहीं बताएंगे।

आगे की जानकारी

विभाग की गोपनीयता नीति देखें। आप इस सूचना के अंत में दिए गए संपर्क विवरण का उपयोग करके विभाग से संपर्क करके ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता सिद्धांतों की गोपनीयता नीति की एक प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

सहमति

ACNA को अपनी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करके, आप Department of Health and Aged Care [स्वास्थ्य एवं वृद्ध देखभाल विभाग] को ACNA से आपकी पहचान रहित की गई जानकारी एकत्रित करने की सहमति देते हैं।

संपर्क विवरण

यदि आप गोपनीयता से संबंधित किसी मामले के बारे में विभाग से संपर्क करना चाहते हैं, जिसमें इस नोटिस के बारे में प्रश्न भी शामिल हैं, तो कृपया निम्नलिखित में से किसी एक तरीके से विभाग के प्राइवेसी अफ़सर (गोपनीयता अधिकारी) से संपर्क करें:

डाक से

Privacy Officer

Department of Health and Aged Care

23 Furzer Street

WODEN ACT 2606

ईमेल

privacy@health.gov.au

टेलीफ़ोन

02 6289 1555